अमर उजाला 09/07/2024

एनसीसी कैडेट ने किया पौधरोपण

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी के प्रांगण में प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अध्यक्षता में एनसीसी गर्ल्स विंग्स की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। डॉ रोहित दत्त ने बताया कि पौधे मानव के लिए हानिकारक गैसों का सेवन कर सांस के लिए आवश्यक आक्सीजन का विसर्जन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह अपने घर आंगन में एक एक पौधा अवश्य लगाएं जिससे आए दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण का संतुलन सही किया जा सके। सीटीओ डॉ तृप्ति शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। संवाद